सुरतिया प्यारी श्याम की सूरतियाँ प्यारी

सुरतिया प्यारी श्याम की सूरतियाँ प्यारी
मेरे दिल में बस गई मन मोहन की सूरतियाँ प्यारी,

मोटे मोटे नैन श्याम के ऐसे कजरारे
गुंगराले केश श्याम के है काले काले
तेरी बांकी अदा पे सांवरिया जाऊ वारि वारि
मेरे दिल में बस गई मन मोहन की सूरतियाँ प्यारी,

मोर मुकट सोहे गल वैजयन्ती माला
मीठी सी मुस्कान लगे प्यारा नंद का लाल
देख श्याम की चिंतवन में दिल अपना हारी,
मेरे दिल में बस गई मन मोहन की सूरतियाँ प्यारी,

देख श्याम का मुख मंडल चंदा फीका लागे
श्याम दर्श से भीम सेन सोई किस्मत जागे,
सांवरिया की दीवानी सारी ब्रिज की नारी,
मेरे दिल में बस गई मन मोहन की सूरतियाँ प्यारी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20922/title/suratiya-pyari-shyam-ki-suratiya-pyari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |